दिन–शुक्रवार दिनांक– 22 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. शिक्षा विभाग ने कहा – शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस –चौबीस में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकित विद्यार्थी संबंधित डिग्री महाविद्यालयों में बारहवीं कक्षा की पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने पत्र सूचना कार्यालय के अंतर्गत तथ्य जांच इकाई स्थापित करने की केन्द्र सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाई।

03. निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड के नम्बर सहित उनसे संबंधित डेटा वेबसाइट पर सार्वजनिक किया।

04. और, बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नहीं होगा आयोजन।

————————————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस–चौबीस में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकित विद्यार्थी जिस अंगीभूत, संबद्ध या अल्पसंख्यक डिग्री महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं, उसी में वे बारहवीं कक्षा की पढ़ाई भी जारी रख सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में हुयी उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि जो छात्र वर्तमान महाविद्यालय को छोड़कर किसी अन्य प्लस–टू विद्यालय में नामांकन लेना चाहते हैं, तो वे बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओएफएसस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों डिग्री महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई बंद करने का फैसला किया था और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थी को किसी दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित करने का प्रावधान किया था। इसके विरोध में छात्र कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने पत्र सूचना कार्यालय के अंतर्गत तथ्य जांच इकाई स्थापित करने की केन्द्र सरकार की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम में दो हजार तेईस के संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मुंबई उच्च न्यायालय का अंतिम निर्णय आने तक रोक लगाई है। न्यायालय ने मुंबई

उच्च न्यायालय द्वारा इकाई पर अंतरिम रोक लगाने से मना करने के आदेश को भी रद्द कर दिया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले दिनों इस इकाई की स्थापना के बारे में अधिसूचना जारी की थी।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड के नम्बर सहित उनसे संबंधित डेटा वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया है। इन नम्बरों से बॉन्ड के खरीदारों का धन प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के साथ मिलान करने में सहायता मिल सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने इनके बारे में विवरण प्रस्तुत किया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं की अलग–अलग सूचियां अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित की है। इस बीच, स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड मामले में सर्वोच्च न्यायालय में अनुपालन का शपथपत्र दायर किया है। इसमें कहा गया है कि अल्फ़ान्यूमेरिक नंबरों सहित चुनावी बॉण्ड के सभी विवरण निर्वाचन आयोग को बता दिए गए हैं।

———————————————————————————

प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी निर्वाचन आयोग से निबंधित हो गयी है। पार्टी को सेब चुनाव चिन्ह् आवंटित किया गया है। आयोग ने कहा है कि जन सुराज पार्टी बिहार की चालीस लोकसभा सीटों के लिए सेब चुनाव चिन्ह् का उपयोग कर सकती है।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने परामर्श जारी कर सोशल मीडिया पर सभी समर्थनकर्ताओं और प्रभावशाली लोगों से, किसी भी रूप में ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के सरोगेट विज्ञापनों सहित सभी विज्ञापनों और प्रचार सामग्री दिखाने से परहेज करने को कहा है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के वित्तीय और सामाजिक–आर्थिक प्रभावों को देखते हुए यह परामर्श जारी किया है।

———————————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने बक्सर जिले के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक शंभूनाथ सिंह के बिहार और उत्तर प्रदेश स्थित बाईस ठिकानों पर कल भी

छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के क्रम में सौ करोड़ रूपये से अधिक की कर चोरी का मामला प्रकाश में आया है।

——————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर पंद्रह करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि छपरा बहास स्थित एक घर में छापेमारी कर पचास किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर दो अन्य जगह छापेमारी की गयी जहां से पंद्रह–पंद्रह किलो चरस के साथ दो अन्य तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है। बरामद चरस को नेपाल के रास्ते मलेशिया भेजने की तैयारी थी।

——————————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय की टीम ने कैमूर जिले के मोहनिया टोल प्लाजा के पास एक कार से अट्ठावन किलो से अधिक सोना जब्त किया है। मौके से दो तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है। बरामद सोने का बाजार मूल्य लगभग चार करोड़ रूपये बताया जाता है। आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरामद सोना पटना से वाराणसी ले जाया जा रहा था।

——————————————————————————

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने जमुई के तत्कालीन भू–अर्जन पदाधिकारी आलोक कुमार और उनकी पत्नी की पांच करोड़ अठ्हत्तर लाख रूपये मूल्य की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने तीस दिनों के अंदर संपत्ति जब्त कर सबंधित जिलाधिकारियों को सौंपने का आदेश दिया। आलोक कुमार के खिलाफ निगरानी जांच ब्यूरो ने वर्ष दो हजार सत्रह में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया था।

——————————————————————————

बक्सर जिले के चौसा स्थित पावर प्लांट के पास पुलिस और किसानों के बीच हुयी हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने अबतक सात महिला समेत अट्ठाईस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में पचास नामजद समेत दो सौ से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गौरतलब है

कि जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर थर्मल स्टेशन के बाहर किसानों के प्रदर्शन के दौरान यह झड़प हुयी थी।

———————————————————————————

बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ बारह में बंगाल से अलग कर बिहार को राज्य का दर्जा मिला था।

———संगीत———

अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक विरासत के कारण बिहार की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में रही है, जिसने हमेशा से देश को नई राह दिखाई। बिहार का इतिहास कमोबेश मानव सभ्यता का इतिहास माना जाता है, जिसने पूरी दुनिया को लोकतंत्र की अवधारणा से परिचित कराया है। यह ज्ञान की भूमि है, मोक्ष की भूमि है, अर्पण की भूमि है, तर्पण की भूमि है। बिहार दिवस के अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में राज्यवासियों से बिहार के गौरव को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य और देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में राज्य के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का संकल्प दोहराया। इधर, आदर्श आचार संहिता को देखते हुए बिहार दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नहीं होंगे। हालांकि स्थानीय प्रशासन के दिशा–निर्देश के अनुसार जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही विभिन्न विभाग अपने–अपने स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

———संगीत———

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर और दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि आज सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, वैशाली, सुपौल, अररिया, पटना, गया, बेगूसराय, भागलपुर, जमुई और मुंगेर समेत आस–पास के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। श्री गुप्ता ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में छह से दस डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने टोल–फ्री नम्बर– **शून्य–छह–एक–दो–दो–दो–एक–छह–दो–तीन–छह** जारी किया है। इस नम्बर पर लोग पेपर लीक होने से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने मधुबनी के जिला शिक्षा अधिकारी को कर्तव्य में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

एसएसबी की टीम ने सुपौल जिले के भीनगर से एक हजार रूपये के नेपाली मुद्रा और इकतालीस हजार जापानी येन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कटिहार के गेराबाड़ी रोड पर कोलासी पुल के पास बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गयी। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने ढेपुरा रशिदपुर और बसढ़िया चेकपोस्ट के पास दो वाहनों से ग्यारह लाख पचास हजार रूपये बरामद किये हैं।

———————————————————————————

तमिलनाडु राज्य आजीविका मिशन के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी जे. गणेशन ने दस सदस्यीय टीम के साथ गया जिले में जीविका द्वारा किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– आबकारी नीति से जुड़े धन–शोधन मामले में अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर को शीर्षक दिया है– अब खास आदमी अंदर, पद पर रहते जेल जाने वाले पहले मुख्यमंत्री। वहीं से चलायेंगे सरकार।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– चुनावी बॉन्ड से जुड़ा सारा ब्योरा हुआ सार्वजनिक।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– सुप्रीम कोर्ट का नये निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से इंकार।

**दैनिक आज** की प्रमुख खबर है– डिग्री कॉलेजों में ग्यारहवीं में पढ़ रहे छात्र कर सकेंगे वहां बारहवीं की भी पढ़ाई।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– सरकारी फैक्ट चेक पर लगा सुप्रीम ब्रेक।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. शिक्षा विभाग ने कहा – शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस –चौबीस में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकित विद्यार्थी संबंधित डिग्री महाविद्यालयों में बारहवीं कक्षा की पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने पत्र सूचना कार्यालय के अंतर्गत तथ्य जांच इकाई स्थापित करने की केन्द्र सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाई।

03. निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड के नम्बर सहित उनसे संबंधित डेटा वेबसाइट पर सार्वजनिक किया।

04. और, बिहार आज अपना एक सौ बारहवां स्थापना दिवस मना रहा है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नहीं होगा आयोजन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।